3. श्री मोहन सिन्हा, तत्कालीन कनीय अभियंता के पत्रांक-शून्य दिनांक 27-03-09 द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर के समीक्षोपरांत विभागीय पत्रांक-7947(एस), दिनांक 20-07-09 द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय तथा विभागीय पत्रांक-7970(एस) अनु. दिनांक 20-07-09 द्वारा कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, जयनगर से श्री सिन्हा द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर का सत्यापन कार्यालय अभिलेख से करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा विभागीय पत्रांक-1959 (एस) अनु. दिनांक 09-03-09 द्वारा याचित सूचना/प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, जयनगर को विभागीय पत्रांक-10576 (एस) दिनांक 24-09-09, पत्रांक-255 (एस) दिनांक 06-01-11, पत्रांक-2885 (एस) दिनांक 10-03-11, पत्रांक-12289 (एस) अनु. दिनांक 11-11-11 एवं पत्रांक-9530 (एस) दिनांक 28-08-12 द्वारा स्मारित भी किया गया।

4 कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय के पत्रांक-1081 अनु. दिनांक 07-09-09 द्वारा समर्पित प्रतिवेदन में सूचित किया गया कि भैट टूटने की सूचना अथवा पत्राचार श्री सिन्हा द्वारा प्रमंडल को देने का कोई साक्ष्य श्री मोहन सिन्हा के व्यक्तिगत संचिका अथवा अन्य अभिलेख में नहीं है। श्री सिन्हा के वगैर साक्ष्य के मौखिक वयान का कोई महत्व नहीं है। यह भी प्रतिवेदित किया गया कि श्री सिन्हा के प्रभार प्रतिवेदन में प्रपत्र-'क' एवं 'ख' का न तो जिक्र है और न ही संलग्न है।

5. कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, जयनगर के पत्रांक-1176 अनु. दिनांक 03.11.12 द्वारा समर्पित प्रतिवेदन में सूचित किया गया कि तत्कालीन कार्यपालक अभियंता द्वारा अलकतरे के उपयोग

पर रोक लगायी गयी थी तथा तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, जयनगर सम्प्रति राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, जयनगर के पत्रांक-559 दिनांक 09-07-02 द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मधुबनी को झामा मेटल के संबंध में लिखा गया था कि वर्तमान में इसकी जॉच स्थल से कर पाना संभव नही है। उपलब्ध साक्ष्य के आलोक में उत्तर सही प्रतीत होता है (झामा मेटल से संबंधित)। बल्क बिटुमिन की कमी के संबंध में श्री सिन्हा द्वारा दिये गये द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर के संबंध में प्रतिवेदित किया गया कि तत्कालीन कार्यपालक अभियंता द्वारा बिटुमिन के उपयोग पर रोक लगाते हुए अनुपयोगी बिटुमिन की अवशेष मात्रा की गणना हेतु सहायक अभियंता को कार्यालय के पत्रांक-1385 दिनांक 19-02-98 द्वारा लिखा गया था। अत: यह कहना युक्तिसंगत नहीं है कि तत्कालीन कार्यपालक अभियंता द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

6. विभागीय समीक्षा में पथ प्रमंडल, बेगूसराय से संबंधित प्रभार में पायी गयी सामग्रियों की कमी का आरोप श्री सिन्हा पर प्रमाणित पाया गया। फलत: भौतिक सत्यापन के क्रम में 83.768 मे. टन तथा स्थल लेखा में 3.103 मे. टन अलकतरा की कमी की राशि की वसूली की कार्रवाई के लिए पथ प्रमंडल, बेगूसराय से उक्त बिटुमिन की तत्कालीन दर की सूचना प्राप्त कर उक्त राशि की वसूली श्री सिन्हा के सेवानिवृति लाभों से करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, पथ प्रमंडल, जयनगर सम्प्रति राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, जयनगर से संबंधित आरोप में झामा मेटल की कमी जिसका मूल्य ₹ 2,41,405.00 आंका गया के संबंध में श्री सिन्हा से प्राप्त बचाव वयान एवं कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, जयनगर से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में स्पष्टीकरण/बचाव वयान को स्वीकार योग्य पाते हुए इस राशि की वसूली नहीं करने का निर्णय लिया गया, लेकिन 146.242 मे. टन बल्क बिटुमिन की कमी जिसका मूल्य ₹ 15,78,817.00 आंका गया की वसूली श्री सिन्हा के सेवानिवृति लाभों से करने का निर्णय लिया गया।

7. तदनुसार विभागीय पत्रांक-12216 (एस) दिनांक 23-11-12 द्वारा श्री सिन्हा, तत्कालीन कनीय अभियंता के प्रभार में भौतिक सत्यापन के क्रम में एवं स्थल लेखा में कम पाई गई बिटुमिन के तत्कालीन दर की सूचना उपलब्ध कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय को दिया गया तथा पत्रांक-13306 (एस) अनु. दिनांक 28.12.12 द्वारा स्मारित भी किया गया। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय के पत्रांक-26 अनु. दिनांक 07-01-13 द्वारा प्रासंगिक अवधि में बिटुमिन का दर ₹ 4000.00 प्रति टन प्रतिवेदित किया गया। तदआलोक में पथ प्रमंडल, बेगूसराय के प्रभार में बिटुमिन की कम पाई गई मात्रा 86.871 मे. टन की कीमत ₹ 4000.00 प्रति मे. टन के दर के अनुसार ₹ 3,47,484.00 पायी गयी।

8. अतएव सरकार के निर्णयानुसार श्री मोहन सिन्हा, तत्कालीन कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय तथा पथ प्रमंडल, जयनगर (सम्प्रति राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, जयनगर) सम्प्रति दिनांक 31-01-08 को सेवानिवृत सहायक अभियंता के विरूद्ध निम्न आदेश संसूचित किया जाता है :-

(i) ₹ 15,78,817.00+₹ 3,47,484= ₹ 19,26,301.00 की वसूली इनके सेवानिवृत लाभों से की जाय।

(ii) इनकी निलंबन की अवधि दिनांक 15-05-07 से दिनांक 31-01-08 तक के विनियमन के संबंध में इनसे अलग से कारण पृच्छा कर निर्णय लिया जायेगा।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,

(ह0)-अस्पष्ट, उप-सचिव (निगरानी)।

---

12 मार्च 2013

सं. निग/सारा-2 (पथ)-56/2003 (अंश-आ)-1989(एस)—श्री ब्रजभूषण प्रसाद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल संख्या-1, जहानाबाद को उक्त पदस्थापन काल के दौरान बिना कार्य कराये फर्जी विपत्रों के माध्यम से राशि निकासी के संबंध में मार्च 2001 में जिला पदाधिकारी, जहानाबाद से प्राप्त सूचना एवं तदआलोक में उड़नदस्ता दल के जॉच प्रतिवेदन के आलोक में निलंबित करते हुए संकल्प ज्ञापांक-3623 (एस) दिनांक 23-05-2002 द्वारा संचालित की गयी विभागीय कार्यवाही में अधिसूचना संख्या-3937 (एस) दिनांक 01-04-2011 द्वारा तात्कालिक प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया गया था।

2. श्री प्रसाद द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर सी. डब्लू. जे. सी. सं.-20209/2010 में दिनांक 30-07-2012 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निम्न आदेश पारित किया गया :-

"The order of dismissal is therefore set aside. It is open for the punishing authority to pass a fresh order taking into account these facts for holding a departmental enquiry"

3. श्री प्रसाद द्वारा न्यायादेश की प्रति संलग्न करते हुए दिनांक-31-08-2012 को विभाग में योगदान दिया गया।

4. माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में श्री ब्रजभूषण प्रसाद के विरूद्ध निर्गत दंड अधिसूचना संख्या-3937 (एस) दिनांक 01-04-2011 को निरस्त करते हुए इनके विरूद्ध नये सिरे से विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया जाता है।

5. श्री प्रसाद के योगदान को स्वीकृत करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 9 (5) के तहत बर्खास्तगी की तिथि 01-04-2011 से अगले आदेश तक के लिए निलंबित किया जाता है।

6. निलंबन अवधि के दौरान इनका मुख्यालय अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

7. निलंबन अवधि के दौरान बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 10 में निहित प्रावधान के आलोक में जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान देय होगा।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,

(ह0)-अस्पष्ट, उप-सचिव (निगरानी)।

14 मार्च 2013

सं. निग/सारा-1 (पथ)05/06 (अंश-**I**)-2079 (एस) —श्री वशिष्ठ नारायण, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल बिहारशरीफ सम्प्रति अधीक्षण अभियंता, नगर विकास विभाग को उक्त पदस्थापन काल के दौरान बिहारशरीफ-एकंगरसराय-तेलहाड़ा पथ के सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण कार्य में बरती गयी अनियमितता के लिए मंत्रिमंडल (निगरानी) विभाग से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन के आलोक में निलंबित करते हुए संकल्प ज्ञापांक-8973(एस) दिनांक 01-08-06 द्वारा संचालित की गयी विभागीय कार्यवाही में अधिसूचना संख्या-14116(एस) दिनांक 07-12-07 द्वारा निम्न दंड संसूचित किया गया था :-

i इन्हें कार्यपालक अभियंता के वेतनमान के न्यूनतम प्रक्रम पर तीन वर्षों के लिए अवनत किया जाता है। इस अवनति के अवधि के दौरान इन्हें वेतन वृद्धि देय नहीं होगी परन्तु इस अवधि के बाद इस अवनति का प्रभाव इनके भावी वेतनवृद्धि पर नहीं होगा।

ii इन्हें निन्दन की सजा दी जाती है जिसकी प्रविष्टि इनके चारित्री वर्ष 1999-2000 में की जायेगी।

iii इन्हें निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा परन्तु यह अवधि अन्य प्रयोजनार्थ कर्त्तव्य अवधि मानी जायेगी।

2. श्री नारायण द्वारा उक्त दंडादेश के विरूद्ध माननीय उच्च् न्यायालय में दायर सी. डब्लू. जे. सी. सं.-2993/2008 में दिनांक 29-04-2011 को पारित आदेश द्वारा दंडादेश को निरस्त करते हुए संचालन पदाधिकारी के प्रतिवेदन से असहमत होने के कारणों का उल्लेख करते हुए द्वितीय कारण पृच्छा प्राप्त कर इस मामले में सकारण आदेश निर्गत करने का आदेश दिया गया।

3. माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में श्री वशिष्ठ नारायण के विरूद्ध निर्गत दंड अधिसूचना संख्या-14116(एस) दिनांक 07-12-07 को निरस्त किया जाता है।

4. श्री नारायण से अलग से द्वितीय कारण पृच्छा की जा रही है।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,

(ह0)-अस्पष्ट, उप-सचिव (निगरानी)।

---

9 अप्रील 2013

सं० निग/सारा–9 (झारखण्ड)–03/2012–2802 (एस)—श्री श्याम सुन्दर प्रसाद, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल संख्या–2, छपरा, पथ प्रमंडल, छपरा को सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल, पाकुड़, झारखण्ड के पदस्थापन काल में पाकुड़ समाहरणालय भवन निर्माण कार्य में एकरारनामा से भिन्न, विभिन्न मदों में गलत दावा अग्रसारित कर अनियमित भुगतान में सहयोग प्रदान करने जैसी बरती गयी अनियमितता के लिए पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या 3966 (एस), दिनांक 11.09.06 द्वारा असैनिक सेवाऐं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम 49 ए के तहत निलंबित किया गया था। उक्त आदेश में विभागीय कार्यवाही हेतु आरोप पत्र अलग से निर्गत किये जाने का भी उल्लेख था।

2. श्री प्रसाद की सेवा अंतिम रूप से बिहार राज्य आवंटित किये जाने के फलस्वरूप पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या 4595, दिनांक 20.10.06 द्वारा विरमित किये जाने के आलोक में श्री प्रसाद द्वारा दिनांक 14.11.06 को पथ निर्माण विभाग, बिहार में योगदान दिया गया।

3. श्री प्रसाद के निलंबन के संबंध में पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा किसी प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। श्री प्रसाद द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार में योगदान के समय भी निलंबन के तथ्य को छुपा लिया गया। फलतः श्री प्रसाद के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित नहीं की जा सकी।

4. पथ निर्माण विभाग, बिहार में योगदान के पूर्व श्री प्रसाद के निलंबन में रहने तथा उन्हें निलंबन से मुक्त नहीं किये जाने के संबंध में पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड से सूचना प्राप्त होने के उपरांत संपूर्ण तथ्यों के समीक्षोपरांत बिहार सरकारी

सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 9 (7) में निहित प्रावधान एवं एल0पी0ए0सं0 778/09 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये नियमन के आलोक में निलंबन के 7 माह के अंदर आरोप पत्र गठित नहीं होने की पृष्ठभूमि में श्री श्याम सुन्दर प्रसाद के विरूद्ध पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड द्वारा निर्गत निलंबन आदेश अधिसूचना संख्या–3966 (एस) दिनांक 11.09.06 स्वतः वापस लिया गया समझा जायेगा तथा श्री प्रसाद वेतन के हकदार होंगे।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

10 अप्रील 2013

सं० निग/सारा–9 (झारखण्ड)–03/2012–2880 (एस)—श्री निरंजन कुमार साहा, सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ अवर प्रमंडल, मुंगेर, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, लखीसराय को कनीय अभियंता, भवन प्रशाखा, पाकुड़ के पदस्थापन काल में पाकुड़ समाहरणालय भवन निर्माण कार्य में एकरारनामा से भिन्न, विभिन्न मदों में गलत दावा प्रस्तुत कर संवेदक को अधिक एवं अनियमित भुगतान में सहयोग प्रदान करने जैसी बरती गयी गंभीर अनियमितताओं के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 9 (1) (क) के तहत तात्कालिक प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

2. निलंबन अवधि के दौरान बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 10 के अध्याधीन शर्तों के तहत इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

3. निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

4. इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने हेतु अलग से आरोप पत्र निर्गत किया जा रहा है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

16 अप्रील 2013

सं0 निग/सारा–6 (आरोप) द0वि0 (ग्रा0)–145/2008–3092 (एस)—श्री धुरेश प्रसाद सिंह, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बिहारशरीफ सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बिहारशरीफ के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमितता के लिए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–6500 (एस) अनु0 दिनांक 05.05.10 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

2. उक्त विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध श्री सिंह द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर सी0डब्लू0जे0सी0सं0 13660/2011 में दिनांक 06.08.12 को पारित आदेश के आलोक में उक्त विभागीय कार्यवाही को निरस्त करते हुए श्री सिंह को आरोप से मुक्त किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

2 मई 2013

सं० निग/सारा–9 (आरोप)–75/2011–3461 (एस)—श्री सुनील कुमार सुमन, तत्कालीन सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल–1, बिहारशरीफ सम्प्रति निलंबित को सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल–1, बिहारशरीफ के पदस्थापन काल के दौरान बरती गयी अनियिमतताओं के लिए अधिसूचना संख्या 13213 (एस) दिनांक 01.12.11–सह–शुद्धि पत्र अधिसूचना संख्या 14231 (एस) दिनांक 27.12.11 द्वारा निलंबित किया गया तथा संकल्प ज्ञापांक–14212 (एस) दिनांक 27.12.11 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

2. श्री सुमन ने अपने अभ्यावेदन दिनांक 17.12.12 द्वारा निलंबन के एक वर्ष हो जाने के आलोक में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 10 के अनुसार प्राप्त हो रहे जीवन निर्वाह भत्ता की राशि 50 प्रतिशत बढ़ोतरी का अनुरोध किया।

3. श्री सुमन द्वारा समर्पित अभ्यावेदन पर विचारोपरांत बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 10 (1) में निहित प्रावधान के आलोक में दिनांक 01.12.2012 से 75 प्रतिशत जीवन निर्वाह भत्ता के भुगतान का निर्णय लिया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

2 मई 2013

सं० निग/सारा–9 (आरोप)–75/2011–3463 (एस)—श्री सुनील कुमार सुमन, तत्कालीन सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल–1, बिहारशरीफ सम्प्रति निलंबित के सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल–1, बिहारशरीफ के पदस्थापन काल के दौरान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक 29.11.2011 को राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल–1, बिहारशरीफ अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–30 ए का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि फतुहाँ–दनियावाँ सेक्शन में 0

से 11 किलोमीटर में पथ की स्थिति अच्छी नहीं थी, जबकि उक्त पथ Defect liability period में होने तथा मुख्यालय से लगातार निदेश दिये जाने के बावजूद Defect liability period के शर्त्त का अनुपालन नहीं कराया गया था, किलोमीटर 13 (नबीचक) एवं किलोमीटर 14 (फरीदपुर) के पास 2.1 किलोमीटर के स्ट्रेच में पथ की स्थिति भयावह पायी गयी, इसके अतिरिक्त इस पथ में अवस्थित नव निर्मित पुलों के पहुँच पथ का निर्माण कार्य भी काफी धीमा पाया गया। निरीक्षण क्रम में पाये गये उक्त अनियमितताओं के लिए श्री सुमन को अधिसूचना संख्या 13213 (एस) दिनांक 01.12.11–सह–शुद्धि पत्र अधिसूचना संख्या 14231 (एस) दिनांक 27.12.11 द्वारा निलंबित किया गया तथा संकल्प ज्ञापांक 14212 (एस), दिनांक 27.12.11 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

2. संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में गठित आरोप को 3 अंशों में विभक्त करते हुए आरोप अंश जो नव निर्मित पुलों के पहँच पथ का निर्माण कार्य अत्यंत धीमा होने से संबंधित था को आंशिक रूप से प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत उक्त आंशिक प्रमाणित आरोप के लिए संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन की प्रति संलग्न करते हुए विभागीय पत्रांक 8984 (एस) दिनांक 14.08.12 द्वारा श्री सुमन से द्वितीय कारण पृच्छा की गयी।

3. श्री सुमन के पत्रांक–शून्य दिनांक 27.08.12 द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा में उनके द्वारा सारतः निम्न तथ्यों का उल्लेख किया गया :–

(i) एफ0डी0आर0 मद अन्तर्गत उपलब्ध कराए गए आवंटन के आधार पर कार्य को कराने के लिए चार समूहों में प्रमंडल द्वारा अल्पकालीन निविदा निर्गत की गयी थी। दिनांक 23.11.11 को निर्गत औपबंधिक कार्यादेश के विरूद्ध सभी समूहों के संबंधित संवेदकों द्वारा जोर सोर से कार्य प्रारंभ किया गया तथा कार्य समाप्ति की अवधि पच्चीस दिन थी।

(ii) संचालन पदाधिकारी द्वारा अपने विश्लेषण में कार्य के प्रगति के संदर्भ में इस बिन्दु पर विचार नहीं किया जा सका कि किसी कार्य संपादन में प्रथम चरण में कार्य की प्रगति अन्य चरणों की अपेक्षा कम होती है। कार्य में वास्तविक गति प्रारंभिक चरण में पूर्ण व्यवस्था हो जाने के उपरांत आगामी चरणों में हो पाती है।

(iii) कार्य को 25 दिनों के अंदर समाप्त करने के लिए चार खण्डों में चरणवद्ध योजना तैयार की गयी थी और तदनुसार दिनांक 17.12.11 तक कार्य ससमय पूरा किया जा सका। दिनांक 29.11.11 तक 75 प्रतिशत non- bituminous कार्य तथा 10 प्रतिशत bituminous कार्य करा लिया गया था।

4. श्री सुमन द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा के समीक्षोपरांत पाया गया कि सचिव द्वारा निरीक्षण की तिथि 29.11.11 के पश्चात 30.11.11 तक किये गये कार्य और उसके विरूद्ध ली गयी मापी में एकरारनामा के अनुसार विभिन्न मदों में निर्धारित मात्रा के विरूद्ध कि0मी0 22 एवं 23 में अवस्थित पुलों के पहुँच पथ में ही डब्लू0एम0एम0 कार्य पूर्ण किया गया था जबकि कि0मी0 3, 5 एवं 8 एवं कि0मी0 9 में डब्लू0एम0एम0 का भी कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कि0मी0 3 एवं 5 तथा 8 में Prime coat, BUSG, Tack coat में मात्र किन्चित काम पाया गया। शेष कि0मी0 9, 22 एवं 23 में इन मदों में कोई भी काम किया हुआ नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त किसी भी पुल के पहुँच पथ में बी0एम0 तथा एस0डी0बी0सी0 का कार्य नहीं कराया गया था। यद्यपि कार्य 17.12.11 तक पूर्ण कर लिया गया, परन्तु इनके निलंबन के उपरांत कार्य में प्रगति हुई, तदनुसार कार्य पूर्ण हुआ। इस प्रकार श्री सुमन का द्वितीय कारण पृच्छा मान्य नहीं पाते हुए कार्य की धीमी प्रगति के लिए इन्हें जिम्मेवार पाया गया। अतएव सम्यक रूप से विचारोपरांत सरकार के निर्णय के आलोक में श्री सुनील कुमार सुमन, सहायक अभियंता सम्प्रति निलंबित को निलंबन से मुक्त करते हुए निम्न दंड संसूचित किया जाता है :–

(i) इनकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि पर असंचयात्मक प्रभाव से रोक लगायी जाती है।

5. इनके निलंबन अवधि का विनियमन बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 11 में निहित प्रावधान के तहत किया जायेगा।

6. निलंबन से मुक्त होने के उपरांत श्री सुमन अपना योगदान मुख्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना में समर्पित करेंगे।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

7 मई 2013

सं० निग/सारा–06–02/2006–3582 (एस)—श्री गणेश प्रसाद सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल शेखपुरा सम्प्रति सेवानिवृत्त के विरूद्ध कार्य प्रमंडल, शेखपुरा के पदस्थापन काल में राजस्व मद की राशि 14,18,689 के गबन/दुर्विनियोग करने जैसी अनियमिता के आरोप के लिए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–7016 (एस) अनु0 दिनांक 06.07.06 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी0) के तहत संचालित की गयी विभागीय कार्यवाही में अधिसूचना संख्या 9775 (एस)–सह–पठित ज्ञापांक 9776 (एस) दिनांक 02.07.10 द्वारा निम्न दंड संसूचित किया गया था :–

(i) उनके पेंशन को शून्य पर निर्धारित किया जाता है।

2. उक्त दंडादेश के विरूद्ध श्री सिंह द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सी0डब्लू0जे0सी0सं0 3466/2008 दायर किया गया। जिसमें माननीय न्यायालय के द्वारा दिनांक 17.09.10 को पारित अपने आदेश में उक्त दंडादेश को निरस्त कर दिया गया।

3. सी0डब्लू0जे0सी0सं0 3466/2008 में पारित न्यायादेश दिनांक 17.09.10 के विरूद्ध एल0पी0ए0सं0 1434/2011 दायर किया गया जिसे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 29.09.11 को खारिज किये जाने के उपरांत उक्त न्यायादेश के विरूद्ध माननीय उच्चत्तम न्यायालय में एस0एल0पी0सं0 12985/2013 दायर किया गया जिसे भी दिनांक 12.10.12 को माननीय उच्चत्तम न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया। तदोपरांत विधि विभाग से प्राप्त परामर्श के आलोक में माननीय उच्चत्तम न्यायालय के उक्त न्यायादेश के विरूद्ध review petition (civil) No.-...../13 दायर किया गया है जिसका डायरी संख्या–14030/2013 है।

4. उपर्युक्त अंकित तथ्यों तथा सी0डब्लू0जे0सी0सं0 3466/2008 में पारित आदेश का अनुपालन नहीं किये जाने के आलोक में श्री सिंह द्वारा दायर अवमाननावाद संख्या–1631/2012 को दृष्टिगत रखते हुए सी0डब्लू0जे0सी0सं0 3466/2008 में दिनांक 17.09.10 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में श्री गणेश प्रसाद सिंह, कार्यपालक अभियंता सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध संसूचित दंड अधिसूचना संख्या–9775 (एस) दिनांक 02.07.10 को इस शर्त्त के साथ निरस्त किया जाता है कि यह माननीय उच्चत्तम न्यायालय में दायर review petition (civil) No.-...../13 से प्रभावित होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप सचिव (निगरानी)।

---

8 मई 2013

सं० निग/सारा–5 (ग्रा0)–2025/2002–3657 (एस)—श्री राम प्रसाद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, मुंगेर–सह–लखीसराय के विरूद्ध कार्य प्रमंडल, मुंगेर–सह–लखीसराय के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमिता के लिए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–1785 (एस) अनु0 दिनांक 13.02.07 द्वारा संचालित की गयी विभागीय कार्यवाही में अधिसूचना संख्या–4640 (एस)–सह–पठित ज्ञापांक–4641 (एस) दिनांक 13.05.09 द्वारा निम्न दंड संसूचित किया गया था :–

(i) इनकी दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयात्मक प्रभाव से रोकी जाती है।

(ii) आरोप वर्ष–1997–98 के लिए निन्दन की सजा दी जाती है।

2. उक्त दंडादेश के विरूद्ध श्री प्रसाद द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सी0डब्लू0जे0सी0सं0 9542/2009 दायर किया गया, जिसमें माननीय न्यायालय के द्वारा दिनांक 09.09.11 को पारित आदेश में उक्त दंडादेश को निरस्त कर दिया गया।

3. सी0डब्लू0जे0सी0सं0 9542/2009 में पारित न्यायादेश दिनांक 09.09.11 के विरूद्ध एल0पी0ए0सं0 1296/2012 दायर किया गया जिसे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 10.01.13 को खारिज कर दिया गया। तदोपरांत माननीय सर्वोच्च न्यायालय में एस0एल0पी0 दायर करने के संबंध में विधि विभाग, बिहार, पटना से परामर्श प्राप्त किया गया। विधि विभाग, बिहार, पटना द्वारा परामर्श दिया गया कि एस0एल0पी0 दायर करने का कोई ठोस आधार प्रतीत नहीं होता है।

4. उपर्युक्त अंकित तथ्यों तथा सी0डब्लू0जे0सी0सं0 9542/2009 में पारित आदेश का अनुपालन नहीं किये जाने के आलोक में श्री प्रसाद द्वारा दायर अवमाननावाद संख्या 491/2012 को दृष्टिगत रखते हुए सी0डब्लू0जे0सी0सं0 9542/2009 में दिनांक 09.09.11 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में श्री राम प्रसाद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, मुंगेर–सह–लखीसराय सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध संसूचित दंड अधिसूचना संख्या 4640 (एस) दिनांक 13.05.09 को इस शर्त्त के साथ निरस्त किया जाता है कि इस प्रकरण में सूर्यगढ़ा थाना में दर्ज कांड संख्या 85/98 में होने वाले फलाफल से यह प्रभावित होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

10 मई 2013

सं. अधि.सं.-निग/सारा-2 (पथ)-56/2003 (अंश-आ)-3746 (एस) —श्री नलिन विलोचन, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल संख्या-1, जहानाबाद सम्प्रति सहायक अभियंता, मुख्यालय निरूपण अंचल, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को पथ प्रमंडल संख्या-1, जहानाबाद के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमितताओं के लिए अधिसूचना संख्या-3370 (एस) दिनांक 28-05-2001 द्वारा निलंबित किया गया तथा श्री विलोचन द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर समादेश याचिका संख्या 4045/2002 में दिनांक 22-03-02 को पारित आदेश के आलोक में अधिसूचना संख्या-8989 (एस)

दिनांक 26-11-02 द्वारा दिनांक 22-07-02 के प्रभाव निलंबन से मुक्त किया गया। श्री विलोचन के विरूद्ध संकल्प ज्ञापांक-3625 (एस) दिनांक 23-05-2002 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी जिसमें प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए अधिसूचना संख्या 5041 (एस) दिनांक 29-04-11 द्वारा दंड संसूचित किया गया था ।

2. श्री विलोचन से निलंबन अवधि दिनांक 28-05-01 से दिनांक 21-07-02 तक में देय जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होने के संबंध में विभागीय पत्रांक-6651 (एस) दिनांक 09-06-11 द्वारा कारण पृच्छा की गयी।

3. श्री विलोचन के पत्रांक-शून्य दिनांक 21-06-2011द्वारा समर्पित कारण पृच्छा में दंड के विरूद्ध दिनांक 03-06-11 को समर्पित पुनर्विलोकन अर्जी की छाया प्रति संलग्न करते हुए कारण पृच्छा के संबंध में इसे प्रासंगिक बताया गया है। श्री विलोचन के उक्त पुनर्विलोकन अभ्यावेदन में सारत उनके द्वारा उल्लेख किया है कि 6,01,800 रूपये का प्रथम चालू विपत्र जिसका भुगतान हुआ उसपर उनके द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया गया जबकि द्वितीय एवं तृतीय चालू विपत्र जिसपर असमाजिक तत्वों द्वारा जबरदस्ती हस्ताक्षर करा लिया गया था, का भुगतान रोकने हेतु जिला पदाधिकारी, जहानाबाद से उनके द्वारा अनुरोध किया गया था, जिसके आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त विपत्रों की राशि के भुगतान पर रोक लगायी गयी थी। जहानाबाद-एकंगरसराय पथ में पी.सी.सी. कार्य को आध अधूरा छोड़कर 1,82,593 रूपये के भुगतान के आरोप के संदर्भ में जॉच के समय उक्त कार्य का अधूरा होने तथा कुल 2,43,758 रूपये के कराये गये कार्य के विरूद्ध मात्र 1,82,593 रूपये का भुगतान किये जाने के आलोक में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं बरतने का उल्लेख किया गया।

3. श्री विलोचन द्वारा समर्पित कारण पृच्छा में अंकित तथ्यों के समीक्षोपरांत पाया गया कि उनके द्वारा पुनर्विलोकन अभ्यावेदन में उन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया है जो उन्होंने द्वितीय कारण पृच्छा बचाव वयान में दिया था जिसकी समीक्षा में पाया गया था कि जिला पदाधिकारी द्वारा निर्गत जिन पत्रों को उन्होंने अपने साक्ष्य के रूप में सलग्न किया था उसमें उस बात का उल्लेख नहीं था कि उनके द्वारा बनाये गये विपत्र पर असमाजिक तत्वों द्वारा जबरन हस्ताक्षर करा लिया गया था। यदि इस अनियमितता में उनकी सहभागिता नहीं थी तो सहायक अभियंता होने के नाते उन्हें संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए थी जो उनके द्वारा नहीं किया गया। इस प्रकार श्री विलोचन समर्पित कारण पृच्छा को मान्य नहीं पाते हुए सम्यक रूप से विचारोपरांत सरकार द्वारा निम्न निर्णय लिया जाता है :-

(क) इनकी निलंबन अवधि दिनांक-28-05-01 से 21-07-02 तक के लिए मात्र जीवन निर्वाह भत्ता ही देय होगा, लेकिन उक्त अवधि अन्य प्रयोजनार्थ कर्तव्य अवधि मानी जायेगी।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,

(ह0)-अस्पष्ट, उप-सचिव (निगरानी)।

13 मई 2013

सं० निग/सारा–2 (पथ)– 120/03–3790 (एस)—श्री शिव कुमार प्रसाद सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, बेनीपट्टी सम्प्रति दिनांक 29.02.2008 को सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता द्वारा कार्य प्रमंडल, बेनीपट्टी के पदस्थापन काल में पथों की जाँच के अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने एवं असहयोगात्मक रवैया अपनाने के कारण मंत्रिमंडल (निगरानी) विभाग के पत्रांक–892 त० प० को० दिनांक 08.10.1976 में जाँच कार्य में सहयोग हेतु दिये गये निदेशों के उल्लंघन एवं उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना के साथ–साथ बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमवली 1976 के नियम 3 (3) के उल्लंघन करने के आरोप के लिए विभागीय अधिसूचना संख्या–5565 (एस) दिनांक 21.08.2000 द्वारा इन्हें निलंबित करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–7089 (एस) अनु०, दिनांक 12.06.2007 द्वारा इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही विभागीय जाँच आयुक्त के अधीन संचालित की गई।

2. इसी बीच सी०डब्लू०जे०सी० सं०–920/2001 में दिनांक 05.09.2001 को पारित आदेश के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–8839 (एस) दिनांक 28.12.2001 द्वारा इनके निलंबन संबंधी अधिसूचना संख्या–5565 (एस), दिनांक 21.08.2000 को निरस्त किया गया।

3. श्री सिंह के दिनांक 29.02.2008 को सेवानिवृत्त हो जाने के फलस्वरूप इनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को विभागीय संकल्प ज्ञापांक–10761 (एस), दिनांक12.08.2008 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 (बी) के तहत सम्परिवर्तित किया गया।

4. विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–613, दिनांक 19.07.2012 द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में आरोप को प्रमाणित नहीं पाया गया। तद्आलोक में जाँच प्रतिवेदन पर ग्रामीण कार्य विभाग से मंतव्य की अपेक्षा की गई। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा विभागीय जाँच आयुक्त के प्रतिवेदन से सहमति व्यक्त की गई।

5. अतएव सरकार के निर्णयानुसार श्री शिव कुमार प्रसाद सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, बेनीपट्टी सम्प्रति सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता को आरोप मुक्त किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

14 मई 2013

सं० निग/सारा– (रा०उ०प०उ०वि०)नि०वि०–05/12–3856 (एस)—श्री राधे बैठा, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मोतिहारी सम्प्रति दिनांक 11.10.2012 को मृत द्वारा श्रीमती सुमन देवी, सुमन भवन, विलियम्स टाउन, गिन्नी हाउस बी०, पोस्ट+थाना–देवघर, जिला–देवघर को राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मोतिहारी के पदस्थापन काल में बरती गई अनियमितता के जाँचोपरान्त निगरानी विभाग, बिहार, पटना द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में सिंधिया गुमटी के पहुँच पथ के निर्माण कार्य में दिनांक 01.04.2000 के पूर्व ही श्री चमक लाल मंडल, प्रभारी कनीय अभियंता के बदले श्री राम सिंहासन सिंह, कनीय अभियंता (जिन्हें दिनांक 01.04.2000 से प्रभार ग्रहण करना था) से मापी एवं विपत्र अंकन पश्चात भुगतान करने के लिए उत्तरदायी माने जाने के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री राधे बैठा, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सम्प्रति मृत के दिनांक 30.06.2008 को सेवानिवृत्त हो जाने एवं आरोप का वर्ष 2000–01 होने के आलोक में आरोप काल बाधित हो गया था। साथ ही श्री बैठा की मृत्यु दिनांक 11.10.2012 को हो चुकी है। अतः इनके विरूद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

2. अतएव सरकार के निर्णयानुसार स्वर्गीय राधे बैठा, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मोतिहारी के लिए इस प्रकरण को संचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

14 मई 2013

सं० निग/सारा–(रा०उ०प०उ०वि०)नि०वि०–05/12–3858 (एस)—श्री राजेन्द्र प्रसाद राजन, तत्कालीन सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मोतिहारी सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल संख्या–1, औरंगाबाद के विरूद्ध राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मोतिहारी के पदस्थापन काल में बरती गई अनियमितता के जाँचोपरान्त निगरानी विभाग, बिहार, पटना द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन के आलोक में सिंधिया गुमटी के पहुँच पथ के निर्माण कार्य में दिनांक 01.04.2000 के पूर्व ही श्री चमक लाल मंडल, प्रभारी कनीय अभियंता के बदले श्री राम सिंहासन सिंह, कनीय अभियंता (जिन्हें दिनांक 01.04.2000 से प्रभार ग्रहण करना था) से मापी एवं विपत्र अंकन पश्चात भुगतान करने के आरोप के लिए आरोप प्रपत्र 'क' का गठन कर विभागीय पत्रांक–9002 (एस) अनु० दिनांक 14.08.12 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई।

2. श्री राजन, तत्कालीन सहायक अभियंता सम्प्रति कार्यपालक अभियंता के पत्रांक–शून्य दिनांक 26.09.2012 द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण एवं इस क्रम में समर्पित आवेदन दिनांक 22.01.2013 के समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री राम सिंहासन सिंह, कनीय अभियंता को तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सम्प्रति स्वर्गीय राधे बैठा के पत्रांक–67 A दिनांक 28.03.2000 द्वारा उक्त कार्य का विपत्र तैयार कर समर्पित करने का निदेश दिया गया था, जिसका निर्वहन इनके द्वारा किया गया। यह भी पाया गया कि मापी अथवा विपत्र अंकन से सरकार को कोई वित्तीय क्षति नहीं हुई।

3. अतएव सरकार के निर्णयानुसार श्री राजेन्द्र प्रसाद राजन, तत्कालीन सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मोतिहारी सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल संख्या–1, औरंगाबाद को आरोपमुक्त किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

30 मई 2013

सं० पत्र संख्या–1/स्था0–53/05–4323 (एस)—श्री रघुनाथ प्रसाद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, मुजफ्फरपुर क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, मुजफ्फरपुर सम्प्रति अधीक्षण अभियंता के तकनीकी सलाहकार पथ अंचल, दरभंगा द्वारा मुजफ्फरपुर क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, मुजफ्फरपुर के पदस्थापन काल में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति तथा इस संबंध में स्पष्टीकरण का उत्तर समर्पित नहीं करने के आरोप के लिए नगर विकास विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–10735 (एस) सहपठित ज्ञापांक–10736 (एस) दिनांक 06.08.08 द्वारा इन्हें तात्कालिक प्रभाव से निलंबित किया गया।

2. श्री प्रसाद द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर याचिका संख्या–1030/2009 में दिनांक 09.02.09 को पारित आदेश/निदेश के अनुपालन में विभागीय अधिसूचना संख्या–6441 (एस) सहपठित ज्ञापांक–6442 (एस) दिनांक 16.06.09 द्वारा दिनांक 01.04.09 के प्रभाव से इनके निलंबन आदेश को वापस लिया गया। पुनः श्री प्रसाद द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका संख्या–2313/2012 में दिनांक 05.03.12 एवं दिनांक 21.03.12 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में विभागीय आदेश ज्ञापांक–11325 (एस) दिनांक 17.10.12 द्वारा निम्न निर्णय लिया गया :–

(i) श्री रघुनाथ प्रसाद के निलंबन तिथि 06.08.08 से 7 माह के उपरांत दिनांक 05.03.09 से दिनांक 31.03.09 तक पूर्ण वेतन (जीवन निर्वाह भत्ता के समायोजन के उपरांत अवशेष राशि) भुगतान की स्वीकृति दी जाती है।

(ii) दिनांक 06.08.08 से दिनांक 04.03.09 तक की निलंबन अवधि के संबंध में इनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही के फलाफल के आधार पर निर्णय लिया जायेगा।

3. श्री प्रसाद द्वारा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, उक्त अवधि को विनियमित करवाने हेतु तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, पूर्णियाँ से गलत ढंग से अनुशंसा करवाने तथा अनाधिकृत अनुपस्थिति की अवधि के संबंध में विभाग को दिग्भ्रमित करने जैसे आरोपों के लिए विभागीय पत्रांक–1477 (एस) दिनांक 29.04.09 द्वारा इनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री प्रसाद, कार्यपालक अभियंता द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण दिनांक 11.05.09 के समीक्षोपरांत इसे असंतोषप्रद पाते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–11229 (एस) अनु0 दिनांक 08.10.09 द्वारा इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

4. श्री प्रसाद के विरूद्ध मुजफ्फरपुर क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, मुजफ्फरपुर के ही पदस्थापन काल में पटना से प्रतिदिन मुजफ्फरपुर आने–जाने जिससे योजनाओं एवं अन्य कार्यों का अनुश्रवण प्रभावित होने, अनाधिकृत अनुपस्थिति में जाते समय आलमीरा एवं कार्यालय की चाभी प्रधान लिपिक को सौंपने जबकि वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना देना अनिवार्य था और इस प्रकार अनुशासन भंग करने तथा कर्त्तव्य पर वापस नहीं लौटने जैसे आरोपों के लिए विभागीय पत्रांक–6913 (एस) अनु0 दिनांक 25.06.09 द्वारा इनसे कारण पृच्छा की मांग की गयी। श्री प्रसाद द्वारा विलंब से दिनांक 12.04.10 के आवेदन द्वारा बचाव वयान समर्पित किया गया। इस बचाव वयान के समीक्षोपरांत इसे असंतोषप्रद पाते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–1870 (एस) अनु0 दिनांक 18.02.11 द्वारा अनुपूरक आरोप पत्र को पूर्व संचालित विभागीय कार्यवाही में सन्निहित किया गया।

5. विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी (अपर विभागीय जाँच आयुक्त) के पत्रांक–595 दिनांक 07.12.11 द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में अनुपूरक आरोप संख्या–1 को आंशिक रूप से प्रमाणित तथा शेष सभी 5 आरोपों को प्रमाणित पाया गया। तद्आलोक में प्रमाणित/अंशतः प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए विभागीय पत्रांक–13684 (एस) अनु0 दिनांक 15.12.11 द्वारा श्री प्रसाद से द्वितीय कारण पृच्छा की मांग की गयी तथा पत्रांक–1037 (एस) दिनांक 25.01.12, पत्रांक–3541 (एस) अनु0 दिनांक 28.03.12 एवं पत्रांक–6684 (एस) दिनांक 13.06.12 द्वारा स्मारित किया गया।

6. श्री प्रसाद द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर समर्पित नहीं कर लगभग 1 वर्ष तक अनावश्यक बातों का उल्लेख कर समय की मांग की जाती रही। अन्ततः प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए सरकार द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध कार्यपालक अभियंता के न्यूनतम प्रक्रम में अवनति एवं पूरे सेवाकाल में अकार्य पद पर पदस्थापन का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। तदआलोक में विभागीय पत्रांक–719 (एस) अनु0 दिनांक 29.01.13 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से कार्यपालक अभियंता के न्यूनतम प्रक्रम में अवनति के अनुमोदित वृहद दंड प्रस्ताव पर सहमति/परामर्श की अपेक्षा की गयी। बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक–321 दिनांक 14.05.13 द्वारा उक्त दंड प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी है।

7. अतएव सरकार के निर्णयानुसार श्री रघुनाथ प्रसाद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, मुजफ्फरपुर क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, मुजफ्फरपुर सम्प्रति अधीक्षण अभियंता के तकनीकी सलाहकार पथ अंचल, दरभंगा को कार्यपालक अभियंता के न्यूनतम प्रक्रम में अवनत किया जाता है।

8. इसके अतिरिक्त श्री प्रसाद को शेष बचे पूरे सेवाकाल में अकार्य पद पर पदस्थापन का निर्णय लिया जाता है।

9. श्री प्रसाद के निलंबन की अवधि दिनांक 06.08.08 से दिनांक 04.03.09 तक के विनियमन के संबंध में नियमानुसार इनसे अलग से कारण पृच्छा कर निर्णय लिया जायेगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

4 जून 2013

सं० निग/सारा–6 (था0का0)–104/2010–4392 (एस)—निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज निगरानी थाना कांड संख्या–54/10 में श्री शैलेश मिश्र, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, गोपालगंज को प्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक–5433 दिनांक 14.09.10 से प्राप्त निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पत्रांक–3056 (एस) दिनांक 16.04.13 द्वारा श्री मिश्र से कारण पृच्छा की गयी। श्री मिश्र से प्राप्त कारण पृच्छा पर नगर विकास एवं आवास विभाग से प्राप्त मंतव्य के आलोक में श्री शैलेश मिश्र, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, गोपालगंज को कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमितताओं के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 9 (1) (क) एवं (ग) के तहत तात्कालिक प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

2. निलंबन अवधि के दौरान बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 10 के अध्याधीन शर्तों के तहत इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

3.निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

4. इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने हेतु अलग से आरोप पत्र निर्गत किया जा रहा है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

4 जून 2013

सं० निग/सारा–6 (था0का0)–104/2010–4394 (एस)—निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज निगरानी थाना कांड संख्या–54/10 में श्री अरविन्द प्रसाद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मधुबनी को प्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक–5433 दिनांक 14.09.10 से प्राप्त निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पत्रांक–3327 (एस) दिनांक 26.04.13 द्वारा श्री प्रसाद से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री प्रसाद से प्राप्त स्पष्टीकरण पर नगर विकास एवं आवास विभाग से प्राप्त मंतव्य के आलोक में श्री अरविन्द प्रसाद, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मधुबनी को कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमितताओं के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 9 (1) (क) एवं (ग) के तहत तात्कालिक प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

2. निलंबन अवधि के दौरान बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 10 के अध्याधीन शर्तों के तहत इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

3. निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

4. इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने हेतु अलग से आरोप पत्र निर्गत किया जा रहा है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

4 जून 2013

सं० निग/सारा–6 (था0का0)–104/2010–4396 (एस)—निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज निगरानी थाना कांड संख्या–54/10 में श्री अनिल कुमार सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता, पटना नगर निगम सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय को प्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक–5433 दिनांक 14.09.10 से प्राप्त निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पत्रांक–3057 (एस) दिनांक 16.04.13 द्वारा श्री सिन्हा से कारण पृच्छा की गयी। श्री सिन्हा से प्राप्त कारण पृच्छा पर नगर विकास एवं आवास विभाग से प्राप्त मंतव्य के आलोक में श्री अनिल कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय को सहायक अभियंता, पटना नगर निगम के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमितताओं के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 9 (1) (क) एवं (ग) के तहत तात्कालिक प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

2. निलंबन अवधि के दौरान बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 10 के अध्याधीन शर्तों के तहत इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

3. निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

4. इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने हेतु अलग से आरोप पत्र निर्गत किया जा रहा है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

---

4 जून 2013

सं0 निग/सारा–6–06/2003–4464 (एस)—श्री लक्ष्मी नारायण पासवान, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, भागलपुर सम्प्रति अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल आरा के विरूद्ध पथ प्रमंडल भागलपुर के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमितता के लिए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–5940 (एस) दिनांक 17.07.03 द्वारा संचालित की गई विभागीय कार्यवाही में प्रमाणित पाए गये आरोप के लिए अधिसूचना संख्या–3050 (एस) दिनांक 20.03.06 द्वारा निम्न दंड संसूचित किया गया था–

(क) दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयात्मक प्रभाव से रोकी जाती है।

(ख) आरोप वर्ष 2001–02 में निन्दन की सजा दी जाती है, जिसकी प्रविष्टि वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति में की जाएगी।

2. श्री पासवान, द्वारा उक्त संसूचित दंड के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय में सी0डब्लू0जे0सी0सं0 9356/2006 दायर किया गया जिसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 03.08.12 को पारित आदेश में अधिसूचना संख्या–3050 (एस) दिनांक 20.03.06 द्वारा संसूचित दंड को निरस्त करते हुए सभी परिणामी लाभ देने का निदेश दिया गया।

3. सी0डब्लू0जे0सी0सं0 9356/2006 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश पर विचारोपरांत एवं विधि विभाग से प्राप्त मंतव्य के आलोक में अधिसूचना संख्या–3050 (एस) दिनांक 20.03.06 द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण पासवान को संसूचित दंड को निरस्त करते हुए सभी परिणामी लाभ के भुगतान का सरकार द्वारा निर्णय लिया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, उप–सचिव (निगरानी)।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 15—571+200-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in